BRAMPTON

Media Release

तुरंत रिलीज के लिए

ब्रैम्पटन की रीजनल काउंसलर रोएना सैन्टोस को 2023-2024 टर्म के लिए फेडरेशन ऑफ कैनेडियन म्युनिसिपल्टीज बोर्ड में दुबारा चुना गया

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (29 मई, 2023) – फेडरेशन ऑफ कैनेडियन म्युनिसिपल्टीज (एफ.सी.एम.) (Federation of Canadian Municipalities) (FCM) ने, ब्रैम्पटन की रीजनल काउंसलर रोएना सैन्टोस (Rowena Santos) को, चौथी स्ट्रेट टर्म के लिए, अपने बोर्ड में चुना है।

एफ.सी.एम. (FCM), 1901 से कैनेडा की म्युनिसिपल सरकार की राष्ट्रीय आवाज़ रही है। इसके मेम्बर्स में पूरे देश की 2,000 से अधिक म्युनिसिपल्टीज शामिल हैं, जो सारे कैनेडा निवासियों की 90 प्रतिशत आबादी का प्रतिनिधित्व करती हैं। फेडरेशन ऑफ कैनेडियन म्युनिसिपल्टीज की वार्षिक कान्फ्रेंस (Annual Conference) और ट्रेड शो (Trade Show), 25 से 28 मई तक टोरोंटो में आयोजित किया गया था। इस वर्ष का थीम, *लोकल एक्शन, नेशनल रिजल्टस (Local Action, National Results)* है।।

काउंसलर सैन्टोस, 2020 से एफ.सी.एम. की बोर्ड मेम्बर के तौर पर काम कर रही हैं। शुरू से ही, एंटी-जातिवाद और समानता कमेटी (Anti-Racism and Equity Committee) की वाइस चेयर के तौर पर, आगे बढ़ने को प्राथमिकता देने के लिए, यह मूल आधार और अधिक समावेश वाला माहौल बढ़ाने के लिए काम जारी रहेगा।

हर वर्ष कान्फ्रेंस, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन को मुख्य मुद्दों पर चर्चा करने और फेडरल सरकार (Federal Government) से सहयोग और फंडिंग की हिमायत करने का अवसर प्रदान करती है। 2023 के लिए सिटी की हिमायत की प्राथमिकताओं में शामिल हैं:

- बेहतर ट्रांज़िट बनाने के लिए प्रतिबद्धता;
- ब्रैम्पटन के निवासियों के लिए रिहायश विकल्प और सम्पन्न कम्युनिटीज प्रदान करना;
- सक्रिय ट्रांस्पोर्टेशन इंफ्रास्ट्रक्चर और प्रोग्रामों को लागू करने के लिए स्थिर फंडिंग;
- जलवायु संबंधी बदलाव ग्रहण करने और स्थिरता को आगे बढ़ाने के लिए निवेश; और,
- आर्थिक विकास और बहाली, नौकरियों तथा वृद्धि में निवेश।

सिटी की हिमायत के बारे में अधिक जानकारी, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन की वेबसाइट (website) पर उपलब्ध है।

हवाले

"कैनेडा में दुबारा चुना जाना और मेरे साथियों के साथ, काम करना जारी रखना सम्मान की बात है। देश में बेबाक और तालमेल वाली कार्रवाई के साथ, हम लोकल कार्रवाई और राष्ट्रीय नतीजों के साथ, म्युनिसिपल्टीज के लिए आवाज प्रदान करना जारी रख सकते हैं।

सभी के लिए भागीदारी वाली जगहें और सहयोगात्मक माहौल पैदा करने पर ध्यान देकर, मैं एक और वर्ष के लिए एफ.सी.एम. के साथ काम जारी रखने के लिए बेहद उत्साहित हूं।"

- रोएना सैन्टोस (Rowena Santos), रीजनल काउंसलर, वार्ड्स 1 और 5, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन

"हम बहुत भाग्यवान हैं कि एफ.सी. एम. में बोर्ड में काउंसलर सैन्टोस की आवाज महत्वपूर्ण विषयों को आगे बढ़ा रही है, जो देश में बेहतर कम्युनिटीज बनाएगी। ब्रैम्पटन सिटी काउंसिल की तरफ से, मैं काउंसलर सैन्टोस को एक और वर्ष के लिए, एफ.सी.एम. बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के तौर पर काम करने के लिए चुने जाने पर बधाई देता हूं।"

- पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन

-30-

कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 70,000 लोगों और 90,000 कारोबारियों का घर है। हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

मीडिया संपर्क

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन मल्टीकल्चरल मीडिया

multiculturalmedia@brampton.ca